विचार–प्रवाह...मोदी जी का दूध–भात



देहरादून, शनिवार, 4 मई 2019

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 18.0° | 38963.26

2 शादी रचाने जा रही न्यूजीलैंड की पीएम | 7 अफरीदी ने किया बड़े झूठ का खुलासा

## संक्षिप्त समाचार

### सर्जिकल स्ट्राइक पर मी टू–मी टू कर रही है कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सीकर। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए राजस्थान के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने यहां एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि इस चेले की याचिका पर कोर्ट एक हफ्ते में निर्णय के लिए कहेगी और फिर चुनाव आयोग कहेगा कि मोदी ने तो जनता के अभिवादन के लिए अभिनंदन शब्द का इस्तेमाल किया था और फिर केस खत्म हो जाएगा। पीएम ने सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अब जब देश की जनता सर्जिकल स्ट्राइक के बाद हमारे साथ आ गई तो कांग्रेस कह रही है कि हमने 6 स्ट्राइक की और सर्जिकल स्ट्राइक पर अब मी टू–मी टू कहा जा रहा है।

### संजय गांधी का लड़का हूं ऐसे लोगों से जूते खुलवाता हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश की सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद वरुण गांधी गुरुवार को अपनी मां मेनका गांधी के लिए सुलतानपुर में प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह के बारे में एक बयान दिया, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वरुण गांधी ने कहा कि मैं संजय गांधी का लड़का हूं, इन लोगों से जूते खुलवाता हूं। आप लोग चिंता मत करिए। दरअसल, सोनू सिंह और उनके भाई मोनू सिंह की इलाके में दबंग छवि है।

### बर्खास्त जवान तेज बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ पर्चा भर मीडिया में हीरो बने बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेज बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद सपा में आए तेज बहादुर का नामांकन पत्र बुधवार को निर्वाचन अधिकारी द्वारा खारिज कर दिए जाने के बाद समर्थकों ने कलेक्ट्रेट में जमकर हंगामा किया था।

# फोनी तूफान का कहर

## ओडिशा में 3 मौतें, सड़कों पर पेड़ गिरे, 12 लाख शिफ्ट

- भुवनेश्वर में एम्स–एयरपोर्ट को नुकसान
- बिजली–टेलिकॉम सेवा ध्वस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुरी/भुवनेश्वर। ओडिशा में आए चक्रवाती तूफान श्फोनीश ने काफी तबाही मचाई है। पुरी में पुरानी इमारतों, कच्चे घरों, अस्थायी दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। यहां अभी तक किसी के भी मौत होने की पुष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है और करीब 160 लोग घायल हैं। बिजली और टेलिकॉम सेवा पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। वहीं भुवनेश्वर में एयरपोर्ट तथा एम्स में काफी नुकसान हुआ है।

तूफान के कारण एम्स भुवनेश्वर में एक इमारत की छत का एक हिस्सा टूट गया, लेकिन सभी छात्र, स्टॉफ और मरीज सुरक्षित बताए गए हैं। फोनी के कारण भुवनेश्वर में एम्स पीजी 2019 परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थिति सामान्य होने पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा 5 मई रविवार को होनी थी। एनडीआरएफ और प्रदेश का सुरक्षाबल आपदा राहत और सड़कों को साफ करने के काम में लगा हुआ है। वहीं बीजू पटनायक इंटरनैशनल एयरपोर्ट को भी तूफान की वजह से काफी नुकसान पहुंचा है।

बता दें कि चक्रवाती तूफान फोनी ने शुक्रवार की सुबह भारी बारिश और करीब 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की प्रचंड हवाओं के साथ ओडिशा तट पर दस्तक दी। भयंकर तूफान के कारण इसके प्रभाव वाले इलाकों में कई जगह पेड़ उखड़ गए हैं, झोपड़ियां तबाह हो गई हैं और पुरी के कई इलाके पानी में डूबे हुए हैं। इसके साथ ही तकरीबन 12 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।



### ओडिशा में कमजोर पड़ा फोनी, बंगाल में बढ़ रहा असर

जहां एक तरफ ओडिशा में फोनी का असर कम हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में इसका असर बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दीघा और आसपास के इलाकों में 125 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। कोलकाता एयरपोर्ट से आने–जाने वाली फ्लाइट्स आज दोपहर 3 बजे से लेकर शनिवार सुबह 8 बजे तक के लिए रद्द कर दी गई हैं।

### केंद्र ने प्रभावित राज्यों को जारी किया 1000 करोड़: पीएम

पीएम मोदी ने राजस्थान में रैली के दौरान कहा कि कल ही हम इस चक्रवात से जूझ रहे राज्यों के लिए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जारी कर चुके हैं। कोस्टगार्ड, नौसेना और थल सेना पूरी मुस्तैदी के साथ प्रशासन के साथ जुटी हुई हैं।

**अगले कुछ घंटों में कमजोर पड़ेगा फोनी: मौसम विभाग**

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 3 घंटे में फोनी कमजोर पड़ने वाला है और इसकी गति 150–160 किमी रह जाएगी। यह उत्तरपूर्व की ओर बढ़ेगा और शाम को तीव्र चक्रवाती तूफान के रूप में यह उत्तर ओडिशा के ऊपर पहुंचेगा।

### सीएम योगी बोले- तो मंच पर भजन करें क्या?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और एसपी–बीएसपी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग सिर्फ दिखाने के लिए अलग हैं, वैसे एक ही हैं। बाबर की औलाद वाले अपने बयान पर चुनाव आयोग का नोटिस मिलने पर उन्होंने कहा कि यह बयान आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है, मैंने सिर्फ आपसी बातचीत को रैली में कोट किया था। उन्होंने कहा, आपसी बातचीत को कहीं कोट करना आचार संहिता में नहीं आता है। कोई भजन करने के लिए मंच पर जाता है क्या?

# घाटी से बुरहान वानी गैंग का खात्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के शोपियां में शुक्रवार को सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में आतंकवादियों के पोस्टर बॉय बुरहान वानी के ब्रिगेड कमांडर लतीफ अहमद डार उर्फ लतीफ टाइगर को मार गिराया गया। लतीफ के साथ आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के दो और आतंकवादी मारे गए हैं। लतीफ की मौत के साथ ही घाटी से बुरहान गैंग का खात्मा हो गया है।

इमाम साहिब गांव में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर इलाके को घेर लिया। इसी दौरान वहां छिपे हिज्बुल आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों तरफ से गोलीबारी में हिज्बुल के तीन आतंकी ढेर हो गए।

### आतंकी लतीफ अहमद डार को मार गिराया

मारे गए गए आतंकवादियों की पहचान हिज्बुल कमांडर लतीफ अहमद डार उर्फ लतीफ टाइगर, तारिक मौलवी और शरिक अहमद नेंगरु के रूप में हुई है। इन आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुआ है। लतीफ पुलवामा का रहने वाला है, वहीं तारिक तथा शरिक अहमद नेंगरु शोपियां के रहने वाले हैं। लतीफ वर्ष 2014 से आतंकी गतिविधियों में लिप्त था। बता दें कि वर्ष 2016 में हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर और आतंक के नए पोस्टर ब्वॉय बने बुरहान वानी की 10 अन्य आतंकियों के साथ तस्वीर सामने आने के बाद सनसनी फैल गई थी।



### लोकल भर्ती से लेकर हथियारों की पहुंच में जैश आगे

रक्षा सूत्रों के मुताबिक जैश–ए–मोहम्मद पहले लश्कर–ए–तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन के अंडर में काम करता था। लेकिन इस साल सुरक्षाबलों पर हुए लगभग सभी हमलों में जैश की भागीदारी रही है। पुलवामा जिला पाकिस्तान की सीमा से दूर है, इसलिए पाकिस्तान से आए आतंकवादियों का यहां पहुंचना बहुत चुनौतीपूर्ण काम है। जैश ने लोकल लड़कों की भर्ती शुरू की।

## भाषणों पर पीएम मोदी को क्लीन चिट पर चुनाव आयोग में नहीं थी आम सहमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के दो भाषणों को लेकर कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। लेकिन, इस क्लीट चिट को लेकर आयोग के पैनल के बीच ही आम सहमति नहीं थी। सूत्रों के मुताबिक मोदी के खिलाफ शिकायत पर सुनवाई करने वाले पैनल के एक सदस्य ने उनके भाषण को आपत्तिजनक माना था, लेकिन 2–1 के बहुमत के फैसले से उन्हें क्लीट चिट दे दी गई। महाराष्ट्र के वर्धा में एक अप्रैल की रैली में पीएम ने राहुल गांधी के अल्पसंख्यक मदादाताओं की अधिक संख्या वाली वायनाड सीट से चुनाव लड़ने पर वार किया था।

## रोजगार पर बोलने से रोकता है टेलिप्रॉम्पटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रीवा। पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए मध्य प्रदेश के रीवा में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि टेलिप्रॉम्पटर उन्हें रोजगार और 15 लाख के मुद्दे पर बोलने से रोकता है। राहुल ने कहा कि मोदी अपने भाषण में अब झिझक कर बोलते हैं और 56 इंच की छाती, युवाओं को रोजगार और 15 लाख रुपये बैंक खाते में डालने की बात नहीं करते हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार सिद्धार्थ तिवारी के पक्ष में यहां जनसभा में राहुल ने कहा, 'अब आपने उनके भाषण देखे होंगे। पहले 56 इंच की छाती। आज एक तरफ टेलिप्रॉम्प्टर वाला आइना होता है। उसमें साफ लिखा होता है। मोदी जी आप भाषण में गलती से रोजगार की बात मत कर देना, नुकसान हो जाएगा। मोदी जी गलती से भी 15 लाख बोल मत देना, उधर कांग्रेस वालों ने 3.60 लाख रुपये देने की बात कर दी है। तो मोदी अब झिझक कर बोलते हैं।'

### आरोप

### पीएम अब झिझक कर बोलते हैः राहुल गांधी

**हर 24 घंटे में कम हो रहे हैं 27,000 रोजगार**

कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि 'मोदी जी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा कर युवाओं को धोखा दिया है, जबकि देश में हर 24 घंटों में 27,000 रोजगार कम हो रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी शासन में आती है तो देश में एक साल में 22 लाख नौकरियां सरकारी क्षेत्र में और 10 लाख भर्तियां पंचायतों में की जाएंगी।

### मोदी भी अब चौकीदार शब्द का इस्तेमाल नहीं करते

प्रधानमंत्री पर देश के अमीर लोगों का चौकीदार बनने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी अडानी, अंबानी, ललित मोदी, नीरव मोदी के चौकीदार बन गए, जबकि देश सोच रहा था कि वह किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और गरीब लोगों के चौकीदार बनेंगे। राहुल ने कहा, 'चुनाव आयोग ने मुझे कहा है कि आप चौकीदार शब्द नहीं प्रयोग कर सकते क्योंकि जब आप चौकीदार कहते हो तो जनता जवाब देती है 'चोर है'। अब मेरी क्या गलती है मैं तो सिर्फ चौकीदार शब्द का प्रयोग करता हूं। अब नरेंद्र मोदी जी भी झिझक कर चौकीदार शब्द नहीं बोलते क्योंकि गलती से चौकीदार बोल दिया तो दूसरे साइड से बीजेपी वाले भी न शुरू कर दें।'

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in